133/2017 सरकार/ तह- सिणधरी

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशयल्स जज	नमबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.5.17	पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान– न्याय आपके द्वार 2017 में अटल सेवा केन्द्र होडू में पेश हुई। प्रार्थी की ओर से यह आवेदन अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू–अभिलेख अभिनियम सपठित नियम 59,60,66,86 भू–अभिलेख नियम 1970 के तहत पेश किया गया। जो दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी पक्ष की तहफ से पेरोकार सरकार नायब तहसीलदार सिणधरी उपस्थित। प्रार्थी ने निवेदन किया ,कि आवेदन में निम्नांकित रकबे का मौके पर आमजन द्वारा रास्ते में उपयोग लिया जा रहा है। जबकि राजस्व रिकोर्ड में भूमि राजस्थान सरकार के खातें मे दर्ज है। कि उक्त भूमि को गैर मुमकिन रास्ते में दर्ज किया जावें। हमने प्रार्थी को सुना और पत्रावली का अवलोकन किया। जिसमें पाया कि आवेदन में उल्लेखित भूमि राजस्थान सरकार के खाते मे दर्ज है। जबकि प्रस्तावित रकबे का गैर मुमकिन रास्ते में उपयोग हो रहा है। जिसे राजस्व रिकोर्ड में भी गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है। लिहाजा प्रार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखवाया जाकर सुनवाया गया और शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली रिझू फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो। 19/5/17 उपखण्ड अधिकारी, सिणधरी	19/5/17

Scanned by CamScanner